टेलीफोन आपरेटरों के लिये कम से कम दिल्ली और हैदराबाद में इमदादी परिवहन सुविधा शीघ्र आरम्भ किये जाने के लिये कहा गया है। महिला कर्मचारियों वाले एक्सचेंजों में महिला टेलीफोन आपरेटरों को इमदादी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की स्कीम पूरे विभाग के लिये पहले से ही विद्यमान है और यह स्कीम दिल्ली और हैदराबाद पर भी लागू है। लेकिन इस स्कीम को दिल्ली और हैदराबाद में कार्यान्वित नहीं किया जा सका, क्योंकि इस स्कीम में निर्धारित कुछ शर्तें अभी तक स्टाफ ने स्वीकार नहीं की हैं।

दिल्ली में कारों की चोरी

572. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में कारों की चोरी की घटनायें भारत में सर्वाधिक हैं ;

(ख) गत चार महीनों के दौरान दिल्ली से कार चोरी के कितने मामले दर्ज किये गये ; और

(ग) क्या दिल्ली पुलिस को कार चोरी में संलग्न अपराधियों के गिरोहों को पकड़ने और उनसे चोरी की गयी कारें बरामद करने में कोई सफलता मिली है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) : (क) जी, हां, श्रीमान।

(ख) 1 मार्च, 1991 से 30 जून, 1991 तक की अवधि के दौरान 277 मामले दर्ज किये गये।

(ग) जी, हां, श्रीमान। हाल ही में दो गिरोहों पकड़े गये और उनसे 48 वाहन बरामद किये गये। मालवीय नगर थाने में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 411/34 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 248 दिनांक 26-5-1991 और प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 294 दिनांक 23-6-1991 के तहत दो मामले दर्ज किये गये।

मंत्रियों के आवासों के रख-रखाव पर खर्च की गई धनराशी

573. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1991 से मई, 1991 तक के दौरान केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रियों द्वारा कितनी बार वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल के तथा अन्य सरकारी विमानों का इस्तेमाल किया गया ;

(ख) इस अवधि के दौरान विभिन्न मंत्रियों के दिल्ली स्थित आवासों के रख-रखाव पर कितनी धनराशि खर्च की गयी ; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों द्वारा भत्ते के रूप में ली गयी धनराशि का ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) : (क) से (ग) : सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ? ।

Harijans massacred in villages of Bhojpur, Bihar

574. CHOWDHRY HARI SINGH:
SHRI RAJNI RANJAN SAHU:
SHRI SANTOSH BAGRODIA:
SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that about 16 Harijans in two village namely Sahiare and Deochande in district Bhojpur in